◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION UNDER PROCESS
Application No. T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN 24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

MADHYA PRADESH | नीड 24 न्यूज़ · हर खबर, हर शहर | 20 नवम्बर 2026

स्थानीय

पुलिस अधीक्षक ने अनूपपुर रक्षित केंद्र का निरीक्षण किया



पुलिस अधीक्षक ने अनूपपुर में स्थित रक्षित केंद्र का निरीक्षण किया।

यह निरीक्षण केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था एवं संचालन की जाँच के उद्देश्य से किया गया।

निरीक्षण के बाद पुलिस ने आवश्यकतानुसार आगे की कार्रवाई या सुधारात्मक कदमों की सिफारिश की।

आज दिनांक 19 नवंबर 2026 को पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री अंकित सोनी (IPS) द्वारा रक्षित केंद्र अनूपपुर का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा रक्षित केंद्र की विभिन्न शाखाओं का भ्रमण कर वहां उपलब्ध शासकीय सामग्री के रखरखाव एवं संधारण की स्थिति, अभिलेखों के व्यवस्थित संधारण तथा पुलिस बल के वितरण एवं ड्यूटी व्यवस्था का जायजा लिया गया। साथ ही क्वार्टर गार्ड का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा रक्षित केंद्र परिसर में संचालित दिशा लर्निंग सेंटर का भी भ्रमण किया गया। यहां अध्ययनरत बच्चों से संवाद कर उनकी पढ़ाई एवं भविष्य की योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करते हुए विभिन्न करियर विकल्पों के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया तथा लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत एवं लगन से आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

इसके पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा नवीन पुलिस कॉलोनी का भ्रमण किया गया तथा कॉलोनी में साफ-सफाई एवं स्वच्छता की स्थिति का निरीक्षण किया गया। इस दौरान परिसर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाए रखने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

उक्त निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जगन्नाथ मरकाम, रक्षित निरीक्षक श्रीमती ज्योति दुबे एवं पुलिस लाइन कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

अनूपपुर पुलिस

— Dinkar Kumar Mahara

अपराध

गुरवा चौक में बिना नंबर प्लेट गाड़ी से गांव-गांव अवैध शराब की बिक्री, बड़ी बरामदगी



गुरवा चौक में पुलिस ने बिना नंबर प्लेट वाली गाड़ी को रोकते हुए गांव-गांव में वितरित की जा रही अवैध शराब की बड़ी बरामदगी की।

जांच के दौरान कई बोतलें और शराब बनाने के उपकरण बरामद हुए।

पुलिस ने बताया कि यह गाड़ी विभिन्न गांवों में घुमाकर शराब बेचती थी और नंबर प्लेट न होने के कारण पहचान छिपाने की कोशिश कर रही थी।

बरामद शराब को निपटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और मामले की आगे की जांच चल रही है।

इस घटना से स्थानीय शराब के दुरुपयोग को रोकने के महत्व पर प्रकाश पड़ा है।

— Jouhrilal kasde

स्थानीय

धर्मबीर के सरपंच दास धनपाल यादव को 25 वर्ष निरंतर सेवा के लिए सराहना



धर्मबीर के सरपंच दास धनपाल यादव जी को 25 वर्षों से लगातार सरपंच पद पर कार्य करने के कारण समुदाय की ओर से विशेष प्रशंसा प्राप्त हुई है।


उनकी सेवा को "धर्मबीर" की धरती पर महापुरुष मानते हुए, स्थानीय लोग उनके परमार्थी कार्यों की सराहना कर रहे हैं। उन्होंने 32 बीघा जमीन तथा आश्रम दान करने की क्षमता प्रदर्शित की है, जिससे गाँव में सामाजिक और धार्मिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिला है।

समुदाय के सदस्य ने भगवान से उनके लिये लंबी और स्वस्थ आयु की कामना की और उनके निरंतर परोपकारी कार्यों के लिये धन्यवाद व्यक्त किया।

— Pranav Gaur, ग्वालियर

स्थानीय

जयंत का बिडीओ स्थानीय दर्शकों के सामने प्रस्तुत



जयंत का बिडीओ स्थानीय दर्शकों के सामने

बिडीओ में क्या दिखाया गया, यह अभी स्पष्ट नहीं है।

बिडीओ के बारे में आगे की जानकारी उपलब्ध होने पर रिपोर्ट अपडेट की जाएगी।

— Rajnish Kumar Pathak

अवैध कट बंद करने और व्यवस्थित पार्किंग पर कार्यवाही के निर्देश दिए



बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉक्टर ऋषिकेश मीणा सहित लोक निर्माण विभाग परिवहन विभाग यातायात पुलिस नगर पालिका एमपी आरडीसी एवं NHaIK के अधिकारी उपस्थित रहे बैठक में जिले के प्रमुख मार्गों पर घूमने वाले आवारा पशुओं को सड़क से हटकर गौशाला में अथवा जंगल में पहुंचने के लिए टोइंग वाहन की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। आर राजमार्ग चौराहे पर अतिक्रमण हटाने बरमान खुर्द में सर्विस लेन का निर्माण करने तथा सुआतला में बने कट को शीघ्र बंद करने के निर्देश भी दिए। बैठक में यातायात पुलिस को डूइंग वाहन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जिससे नो पार्किंग में खड़े वाहनों को हटाया जा सके। सुभाष मार्ग चौराहे पर बनी गड्ढे को भरने व शासकीय ब्रांच स्कूल परिसर की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मुख मार्ग पर सुगम यातायात व्यवस्थित पार्किंग के लिए बाउंड्री वालों को पीछे व्यवस्थित कर फेवर ब्लॉक लगाने के निर्देश दिए जिले के प्रमुख नर्मदा घटन प्रीत घाट बरमान घाट झांसी घाट ककरा घाट सहित अन्य घाटों पर अमावस्या पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ को देखते हुए घाटों की प्रवेश मार्गों पर मजबूत ड्रॉप गेट बनवाने के निर्देश दिए। ताकि भीड़ नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था बेहतर बनी रहे। बैठक में जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर के मुख्य मार्ग पर रोगी कल्याण समिति परिसर के सामने अतिक्रमण हटाकर एंबुलेंस एवं मरीज के वाहनों के लिए रास्ता सुगम बनाने। के निर्देश दिए। गोटेगांव थाना अंतर्गत कुंडाखेड़ा ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कामती इमिलिया गांव में सड़क सुधार कार्य करने तथा राष्ट्रीय राजमार्ग राज्य राजमार्गों पर अवैध कट को बंद करने के निर्देश दिए । बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करणी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

— Gaurav Des Choudhury

स्थानीय

दिवंगत पत्रकार महंत मोहनगिरी गोस्वामी की स्मृति में रक्तदान शिविर, 75 यूनिट रक्त संग्रहित



खबर कडोदकला से राहुल बैरागी की रिपोर्ट। यहां गुरुवार को दिवंगत पत्रकार एवं तहसील पत्रकार संघ बदनावर के संस्थापक अध्यक्ष महंत मोहनगिरी गोस्वामी की 9वीं पुण्यतिथि पर प्रेस क्लब कड़ौदकलां द्वारा ग्राम कड़ौदकलां में रक्तदान एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 75 यूनिट रक्तदान हुआ, वहीं सैकड़ों ग्रामीणों ने पहुंचकर शुगर, बीपी एवं ईसीजी की निःशुल्क जांच करवाई। शिविर की खास बात यह रही कि मुख्य अतिथि एसडीएम बदनावर प्रियंका मिमरोट ने स्वयं रक्तदान कर समाज को जनसेवा का संदेश दिया। उनके साथ कई महिलाओं ने भी रक्तदान में सहभागिता की।

मुख्य अतिथि एसडीएम प्रियंका मिमरोट ने कहा कि हम सभी समाज का हिस्सा हैं और ऐसे आयोजनों में सभी की सहभागिता जरूरी है। रक्तदान सबसे बड़ी जनसेवा है, जो जरूरतमंद मरीज के लिए जीवन की उम्मीद बनता है। महंत मोहनगिरी गोस्वामी की पुण्यतिथि पर प्रेस क्लब कड़ौदकलां का यह प्रयास सराहनीय है, जिसने उन्हें भी इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने का अवसर दिया। उन्होंने कहा कि हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति भी जागरूक रहना चाहिए तथा ऐसे शिविरों का लाभ लेना चाहिए। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए।

अध्यक्ष पं. छोटू शास्त्री ने की। विशिष्ट अतिथि किराना व्यापारी संघ अध्यक्ष नागदा राजेन्द्र बोकड़िया तथा विशेष अतिथि वरिष्ठ पत्रकार पुरुषोत्तम शर्मा, जर्नलिस्ट यूनियन ऑफ मध्यप्रदेश के धार जिला अध्यक्ष शंकरलाल मारू एवं तहसील पत्रकार संघ बदनावर अध्यक्ष गोवर्धन सिंह डोडिया मंचासीन रहे। अतिथियों ने मां सरस्वती एवं स्व. मोहनगिरी गोस्वामी के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया।

प्रेस क्लब अध्यक्ष राहुल बैरागी सहित क्लब सदस्यों ने मंचासीन अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन में गोवर्धन सिंह डोडिया ने महंत मोहनगिरी गोस्वामी के व्यक्तित्व एवं पत्रकारिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गोस्वामी ने अपनी पत्रकारिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

रक्तदाताओं का किया सम्मान

शिविर में जिला भोज चिकित्सालय रक्तकोष धार के डॉ. आई.पी. सोलंकी एवं जेटीपी सरदार पटेल हॉस्पिटल बदनावर के डॉ. महेश शर्मा, प्रियंका प्रजापति, जितेंद्र जाट, अस्पताल प्रबंधक शांतिलाल जाट सहित चिकित्सकीय टीम का विशेष सहयोग रहा। अतिथियों ने चिकित्सकीय टीम को शाल, श्रीफल एवं स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। वहीं रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को सम्मान पत्र प्रदान किए गए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पं. छोटू शास्त्री ने कहा कि महंत मोहनगिरी गोस्वामी की पत्रकारिता हमेशा दुखी और जरूरतमंद लोगों के चेहरों पर खुशी लाने वाली रही। उनकी स्मृति में इस तरह का आयोजन होना गौरव की बात है। जीवन में रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है, क्योंकि इससे हम दूसरों का जीवन बचाने में सहभागी बनते हैं। विशिष्ट अतिथि राजेन्द्र बोकड़िया ने कहा कि कठिन दौर की पत्रकारिता के बीच मोहनगिरी जी ने ग्रामीण पत्रकारिता को हमेशा पहचान दिलाई। उनकी स्मृति में आयोजित यह शिविर जरूरतमंदों का जीवन संवारने का कार्य करेगा।

एसडीएम सहित महिलाओं ने भी किया रक्तदान

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचीं एसडीएम प्रियंका मिमरोट ने सबसे पहले रक्तचाप की जांच करवाई। इसके बाद रक्तदान परिसर का अवलोकन कर स्वयं रक्तदान किया। शिविर में एसडीएम सहित अनेक महिलाओं ने भी रक्तदान कर सामाजिक सहभागिता का परिचय दिया। पत्रकारों, ग्रामीणों, युवाओं और दिवंगत गोस्वामी के परिजनों ने भी उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।

आयोजन प्रारंभ होने से पूर्व अतिथियों ने महंत मोहनगिरी गोस्वामी की समाधि एवं वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का संचालन अनवर मंसुरी ने किया तथा आभार दिनेश रघुवंशी ने माना। इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष राहुल बैरागी, दिनेश रघुवंशी, जगदीश चौधरी, मनोहरसिंह चावड़ा, कृष्णा मारू, आदित्य धाकड़, खेमचंद जायसवाल, बंटी सिंह चौहान, सुरेंद्र डोड, अशोक सोलंकी, पंकज गुजराती, नरेंद्र जैन, शंकरलाल राठौड़, जितेंद्र भाटी, नयन लववंशी, अजय पाटीदार, विजय द्विवेदी, राहुल चौहान, कन्हैयालाल धाकड़ सहित क्लब सदस्य एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

— Rahul Bairagi

स्थानीय

सिंगरौली के उज्जैनी चौराहे पर गिरा पीपल का पेड़, घर को गंभीर क्षति



सिंगरौली के उज्जैनी चौराहे पर एक पीपल के पेड़ के गिरने से पास स्थित एक घर को गंभीर क्षति पहुँची। पेड़ के अचानक गिरने से घर की छत और दीवारों में टूट-फूट हुई।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि पेड़ अचानक झुक गया और बिना किसी चेतावनी के घर पर गिर गया, जिससे कई काँच के टुकड़े और छत पर पहुँच कर स्थिति का आकलन किया और क्षतिग्रस्त घर की मरम्मत के लिए आवश्यक कदम उठाने का आदेश दिया।

प्राधिकरण ने भविष्य में ऐसे पेड़ों की नियमित जाँच और रखरखाव करने की आवश्यकता पर बल दिया, ताकि समान दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

— Rajnish Kumar Pathak

स्थानीय

अशोकनगर-बिरकोना रोड की ख़राब स्थिति पर चेतावनी



अशोकनगर से बिरकोना तक का मुख्य मार्ग वर्तमान में अत्यधिक क्षतिग्रस्त स्थिति में है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि सड़क पर कई गड्ढे और असमान सतहें हैं, जिससे वाहन चलाना जोखिमपूर्ण हो गया है।

इस मार्ग पर दैनिक आवागमन करने वाले यात्रियों को धीमी गति से चलना पड़ रहा है और कई बार वाहन रुककर मरम्मत की आवश्यकता भी महसूस कर रहे हैं।

स्थानीय प्रशासन को इस स्थिति की सूचना दी गई है और जल्द से जल्द मरम्मत कार्य शुरू करने का अनुरोध किया गया है।

रिपोर्टर ने स्वयं इस सड़क की स्थिति का निरीक्षण किया और इसे सुधारने के लिए त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया है।

— पत्रकार शत्रुघन चौधरी

स्थानीय

देवसर में इंडियन बैंक एटीएम की अनुपस्थिति



देवसर, मध्य प्रदेश – स्थानीय रिपोर्ट के अनुसार, देवसर में इंडियन बैंक का एटीएम स्थापित नहीं है। यह तथ्य शहर के निवासियों के लिए प्रमुख बैंकिंग सुविधा की कमी को दर्शाता है।

एटीएम की अनुपस्थिति के कारण नागरिकों को निकटवर्ती शहरों या अन्य बैंकों के एटीएम तक यात्रा करनी पड़ती है, जिससे समय और लागत दोनों में अतिरिक्त बोझ उत्पन्न होता है।

स्थानीय व्यापारियों और सामान्य जनता ने इस स्थिति को असुविधाजनक बताया है और निकट भविष्य में एटीएम स्थापित होने की आशा व्यक्त की है।

— Rajnish Kumar Pathak

स्थानीय

कलेक्टर धोटे के नेतृत्व में दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र की जिला प्रबंधन दल की बैठक सम्पन्न



कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र (डीडीआरसी) के जिला प्रबंधन दल (डीएमटी) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, सीईओ जिला पंचायत श्री शास्वत सिंह मीना, उप संचालक श्री रोहित बड़कुल, श्री पीयूष पांडे सहित संबंधित अधिकारी एवं समिति सदस्य उपस्थित रहे।

चयन के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने कहा कि डीडीआरसी के अंतर्गत रिक्त 8 पदों पर की जाने वाली नियुक्ति की प्रक्रिया के लिए विज्ञापन जारी करने का निर्णय लिया गया।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि दिव्यांग पुनर्वास के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे अनुभवी व्यक्तियों को भी इस प्रक्रिया में सम्मिलित किया जाए। उन्होंने डीडीआरसी में कार्यरत कर्मचारियों की सेवा अवधि बढ़ाने के संबंध में विचार-विमर्श किया। साथ ही, सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की चरित्रावली (सीआर) नियमित रूप से संधारित करने के निर्देश दिए गए।

जनपद स्तर पर डिजिटल माध्यम से स्पीच थैरेपी की कक्षाएं संचालित कराए जाने के संबंध में कार्ययोजना पर चर्चा हुई, जिससे दिव्यांग लोगों के लिए पहुँच और सुविधा में सुधार की दिशा में कदम बढ़ाया गया।

— Rishabh Gupta

अपराध

मध्य प्रदेश ग्रामिन बैंक के सामने एक महीने से अधिक समय से खड़ी लावारिस बाइक पर पुलिस कार्रवाई में देरी



राजमार्ग के चौराहे पर मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक के सामने एक लावारिस बाइक कई दिनों से खड़ी पाई गई है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, यह बाइक लगभग एक महीने से अधिक समय से बिना किसी मालिक के उपस्थित है।

पुलिस को इस स्थिति की लगातार सूचना दी गई, परन्तु अब तक बाइक को जब्त करने की कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अधिकारियों ने अभी तक इस मामले में कोई औपचारिक कदम नहीं उठाया, जिससे स्थानीय लोगों में असंतोष बढ़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि लावारिस बाइक की उपस्थिति सड़क सुरक्षा को प्रभावित कर रही है और यह सार्वजनिक स्थान की स्वच्छता के लिए भी हानिकारक है। उन्होंने पुलिस से अनुरोध किया कि वे शीघ्र कार्रवाई कर इस समस्या का समाधान करें।

— Amit Kumar Raghuwanshi

राजनीति

मंडला-107 के बीएलओ व सुपरवाइजर का 20-21 नवंबर को प्रशिक्षण आयोजित



मध्यप्रदेश निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्र मंडला-107 (अजजा) के अंतर्गत सभी बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाइजर का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण दो दिनों में विभाजित है और प्रत्येक दिन निर्धारित समय एवं स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना आवश्यक है।

20 नवंबर 2026 को नवीन तहसील कार्यालय मंडला के सभागार (मीटिंग हॉल) में मतदान केंद्र क्रमांक 140 से 268 तथा 291 से 347 तक के बीएलओ एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

21 नवंबर 2026 को उत्कृष्ट विद्यालय नैनपुर (मीटिंग हॉल) में मतदान केंद्र क्रमांक 1 से 139 तथा 269 से 290 तक के बीएलओ एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण प्राप्त होगा।

से शुरू होकर समाप्ति तक रहेगा। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने सभी संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिया है कि वे निर्धारित समय एवं स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थित हों; अनुपस्थिति के संबंध में कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

इस कार्यक्रम को मुख्य निर्वाचन अधिकारी, मध्यप्रदेश और भारत निर्वाचन आयोग की निगरानी में आयोजित किया गया है।

— Rishabh Gupta

स्थानीय

मंडला में सहायक परियोजना समन्वयक और विकासखंड स्रोत समन्वयक पदों पर मेरिट सूची से प्रतिनियुक्ति स्वीकृत



कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में जिला शिक्षा केंद्र मंडला की जिला नियुक्ति समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान सहायक परियोजना समन्वयक (एपीसी) के कुल 4 रिक्त पदों में से 2 पदों, जिनमें एपीसी बालिका शिक्षा का पद भी शामिल है, तथा विकासखंड स्रोत समन्वयक (बीआरसी) नारायणगंज के 1 रिक्त पद पर संपूर्ण चयन प्रक्रिया की समीक्षा की गई।

समिति के सदस्य, जिनमें जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, सीईओ जिला पंचायत श्री शास्वत सिंह मीना, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग डॉ. अरुण शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मुन्नी वरकड़े, डीपीसी श्री अशोक शुक्ला, एपीसी श्री कृष्ण उपाध्याय आदि शामिल थे, उपस्थिति में रहे।

समिति द्वारा निर्धारित मापदंडों एवं मेरिट लिस्ट के आधार पर इन पदों पर प्रतिनियुक्ति के माध्यम से नियुक्ति का विधिवत अनुमोदन प्रदान किया गया।

— Rishabh Gupta

स्थानीय

मंदला के बिजेगांव में लाखों के गबन का आरोप, प्रशासन पर बढ़ा दबाव



मंदला जिले के बिजेगांव गांव में लाखों रुपये के गबन का आरोप लगा है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, गांव के विकास कार्यों में जारी की गई सरकारी निधि का लेखा-जोखा नहीं दिया गया है।

इस संबंध में ग्राम प्रधान और सचिव दोनों अनुपस्थित हैं; वे निर्धारित समय पर गांव में नहीं पहुंचे। साथ ही, मुख्य कार्यकारी अधिकारी भी नहीं आए, जिससे ग्रामीणों में असंतोष बढ़ा।

गांव के लोगों ने प्रशासन से तुरंत धनराशि का विवरण मांगा है और कहा है कि यदि जवाब नहीं मिला तो आगे की कार्रवाई करेंगे। उन्होंने इस मुद्दे को सोशल मीडिया पर भी उठाया।

मंडला के उपजिला अधिकारी से इस मामले पर टिप्पणी की मांग की गई, परन्तु अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। प्रशासन की चुप्पी को लेकर ग्रामीणों ने इसे भ्रष्टाचार का संकेत बताया।

इस मामले की जांच के लिए उच्च स्तर पर कार्रवाई की आशा जताई जा रही है, जबकि स्थानीय जनता न्याय की प्रतीक्षा कर रही है।

— Rishabh Gupta

नारायणगंज मड़ई में जनसैलाब, हजारों की भीड़ से मेला गुलजार



नारायणगंज मड़ई में आयोजित मेला में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी, जिससे कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण बन गया।

मेले में झूले, विभिन्न प्रकार की दुकानें और मनोरंजन के कई विकल्प उपस्थित थे, जिन्होंने आगंतुकों को आकर्षित किया।

इस आयोजन में आदिवासी संस्कृति, ग्रामीण लोकसंस्कृति और स्थानीय परम्पराओं के प्रदर्शन भी देखे गए, जिससे क्षेत्रीय सांस्कृतिक धरोहर को उजागर किया गया।

उत्सव के दौरान उपस्थित लोगों ने जबरदस्त उत्साह दिखाते हुए विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया, जिससे मड़ई का माहौल जीवंत बना रहा।

— Rishabh Gupta

नौकरी

मंदला में 28 नवंबर को युवा संगम के अंतर्गत वृहद रोजगार मेला आयोजित



मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार युवा संगम के अंतर्गत 28 नवंबर 2026 को प्रातः 11 बजे से पीएम श्री महाविद्यालय, मंडला में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले का उद्देश्य जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न रोजगार एवं स्वरोजगार अवसरों से जोड़ना है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी के आदेशानुसार विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपे गए हैं। जिला पंचायत मंडला के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी बनाया गया, जबकि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को स्थल पर कानून व व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई।

जिला रोजगार अधिकारी को पंजीकरण, कंपनियों से समन्वय, प्रचार-प्रसार, कंपनी प्रतिनिधियों की व्यवस्था तथा उपस्थित युवाओं की करियर काउंसलिंग का दायित्व सौंपा गया। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, आईटीआई, आजीविका मिशन, जनपद पंचायत, नगर पालिका, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं शैक्षणिक संस्थानों को भी सहयोग हेतु जिम्मेदारियां दी गईं।

राज्य एवं स्थानीय कंपनियों को आमंत्रित कर रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे और रोजगार संबंधी मार्गदर्शन दिया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिकतम बेरोजगार युवक-युवतियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पंजीकरण, मार्गदर्शन, पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था भी की जाएगी।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों से समय-सीमा में दायित्वों का निर्वहन कर मेले को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने का निर्देश दिया है।

— Rishabh Gupta

एनएच 30 के किनारे ढाबा मालिकों की बैठक: सड़क सुरक्षा के लिए नए निर्देश



कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे के निर्देश पर एसडीएम कुलदीप पटेल ने राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के किनारे बिछिया क्षेत्र में ढाबा मालिकों की बैठक आयोजित की। मुख्य उद्देश्य राजमार्ग पर दुर्घटनाओं को रोकना और यातायात सुरक्षा को सुदृढ़ करना था।

बैठक में एसडीएम ने ढाबा संचालकों को सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ढाबा के सामने मुख्य सड़क या राजमार्ग के किनारे अनियंत्रित पार्किंग न हो और वाहन केवल ढाबा परिसर के भीतर व्यवस्थित पार्किंग में ही रखे जाएँ।

रात्रि समय दुर्घटनाओं से बचाव हेतु प्रवेश-निकास द्वार पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और स्पष्ट रेडियम-युक्त संकेतक बोर्ड लगाना अनिवार्य किया गया। साथ ही सभी ढाबा संचालकों को परिसर और पार्किंग क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने का निर्देश दिया गया।

अंत में उन्होंने ढाबा परिसरों में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि या शराबखोरी को प्रतिबंधित करने की चेतावनी दी तथा सुरक्षा नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की संभावना बताई।

— Rishabh Gupta

स्थानीय

मंडला में नशामुक्त युवा संसद: युवाओं ने नशा मुक्त भारत के लिए विचार व्यक्त किए



मंडला के झंकार भवन, जिला न्यायालय रोड पर मंगलवार को युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत माय भारत, जिला मंडला द्वारा "विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा" विषय पर जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन किया गया।


इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम और कमांडेंट, एसडीआरएफ मंडला श्री हेमराज परस्ते मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि आयोजन जिला युवा अधिकारी श्री भुवन सिंह सोलंकी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करना, उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करना तथा नशामुक्त भारत के निर्माण में उनकी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना था।

प्रतियोगिता के मूल्यांकन के लिए गठित पांच सदस्यीय निर्णायक मंडल में श्री अरविंद कुमार शुक्ला, श्री संजय सिंगौर, श्री बी.एल. टेमरे, श्री शैलेश कुमार जायसवाल एवं श्री अखिलेश पांडे शामिल रहे। निर्णायक मंडल ने विषय की समझ, विचारों की मौलिकता, तार्किक प्रस्तुति, अभिव्यक्ति कौशल एवं आत्मविश्वास के आधार पर प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया। प्रतियोगिता में श्री समीर विश्वकर्मा ने प्रथम, श्री निशांत जंघेला ने द्वितीय तथा सुश्री सुरंजना पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मुख्य अतिथियों ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए युवाओं से नशे के विरुद्ध जनजागरूकता में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों, निर्णायक मंडल के सदस्यों, प्रतिभागियों एवं आयोजन में सहयोग प्रदान करने वाले सभी व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

— Rishabh Gupta

बरगी बांध की नहर फूटी, खेतों में पानी भर गया, फसल बर्बादी का डर



बरगी बांध की नहर में सुबह 6 बजे दरार आकर पानी खेतों में भर गया, जिससे किसानों को फसल बर्बादी का खतरा मंडराने लगा।

जबलपुर कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने तुरंत नहर में पानी की मुख्य सप्लाई बंद करवाने के निर्देश दिए और स्थिति का जायजा लेने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की टीम को मौके पर भेजा।


ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग पर लापरवाही और भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए कहा कि मेंटेनेंस के नाम पर लाखों-करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद नहरों की हालत नहीं सुधर रही है।

किसानों ने नहर की तत्काल मरम्मत, मेंटेनेंस खर्च की जांच और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है, और चेतावनी दी है कि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

— Buddhi Prakash Mali, जबलपुर

स्थानीय

गुना के बीजी रोड पर बीसीएस हॉस्टल में शाम 5 बजे अन्नकूट समारोह



गुना के बीजी रोड पर स्थित बीसीएस हॉस्टल में आज अन्नकूट का आयोजन किया जा रहा है।

यह धार्मिक आयोजन शाम पाँच बजे से शुरू होगा और स्थानीय निवासियों व श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया गया है।

अन्नकूट के दौरान विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, भजन-संगीत और प्रसाद वितरण किया जाएगा।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक एकता और सांस्कृतिक विरासत को सुदृढ़ करना है।

स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए हैं।

— पुरुषोत्तम बैरागी

अपराध

मध्य प्रदेश के सीधी में पति ने पत्नी व 6 साल की बेटी पर चाकू से हमला, बेटी की मौत



मध्य प्रदेश के सीधी में एक घातक घरेलू झड़प में पति ने अपनी पत्नी और उनकी 6 वर्षीया बेटी पर चाकू से हमला किया। इस हिंसक कृत्य में बच्ची को गंभीर चोटें आईं और वह तुरंत अस्पताल ले जाई गई, जहाँ उसकी मृत्यु हो गई।

घटना के बाद पत्नी को भी चोटें आईं, पर वह जीवित बची और उपचार के लिये अस्पताल में भर्ती है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हमला अचानक और बिना किसी चेतावनी के हुआ।

पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू की और आरोपी पति को हिरासत में ले लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने हत्या तथा घरेलू हिंसा के तहत कानूनी कार्रवाई करने की सूचना दी।

में सोमवार की रात एक बेहद दर्दनाक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। ममदर तालाब के पास झोपड़ी बनाकर रह रहे एक परिवार में उस समय चीख-पुकार मच गई, जब उमेश केवट ने कथित तौर पर अपनी पत्नी सावित्री केवट और महज 6 वर्षीय मासूम बेटी ऋतु पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में मासूम बच्ची की जान चली गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद आरोपी ने खुद को भी घायल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार रात सावित्री केवट अपनी दोनों बेटियों के साथ एक ही खाट पर सो रही थी। वहीं, उसका पति उमेश दूसरी खाट पर लेटा हुआ था। इसी दौरान रात में अचानक उमेश हाथ में चाकू लेकर पहुंचा और सबसे पहले अपनी पत्नी सावित्री पर हमला कर दिया। इसके बाद उसने 6 वर्षीय बेटी ऋतु को भी निशाना बनाया।

बताया गया है कि आरोपी ने मासूम बच्ची पर चाकू और हंसिया से कई वार किए। हमले में बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। शरीर पर गंभीर चोटें आने के कारण उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। वहीं, पत्नी सावित्री भी गंभीर रूप से घायल हो गई। अचानक हुई इस घटना से परिवार और आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया।

तीन दिनों से बदला हुआ था आरोपी का व्यवहार, परिवार ने कराई थी झाड़-फूंक

घायल सावित्री के मुताबिक, पिछले तीन दिनों से उमेश के व्यवहार में अचानक बदलाव देखने को मिल रहा था। वह छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा हो जाता था और बिना किसी स्पष्ट कारण के परिवार के सदस्यों से विवाद करने लगता था। कई बार वह गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने के लिए भी दौड़ता था।

आरोपी के इस व्यवहार को देखते हुए परिजनों ने उसे समझाने का प्रयास किया था। परिवार की ओर से उसकी झाड़-फूंक भी कराई गई थी और लगातार उस पर नजर रखी जा रही थी। बताया गया कि रविवार से उसके व्यवहार में कुछ सुधार दिखाई देने लगा था, लेकिन सोमवार रात अचानक हुई इस वारदात ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया।

पुलिस ने आरोपी को दबोचा, रीवा अस्पताल में घायल पत्नी का उपचार

घटना की सूचना मिलते ही चुरहट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। गंभीर रूप से घायल सावित्री और मासूम बच्ची ऋतु को तत्काल रीवा के संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में चिकित्सकों ने 6 वर्षीय ऋतु को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद बच्ची के शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जबकि घायल मां का उपचार जारी है।

बताया गया है कि वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी उमेश ने अपने गले पर भी चाकू से वार कर खुद को घायल कर लिया था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पुलिस की ओर से आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

रीवा जिले के बघवार गांव का रहने वाला है आरोपी

जानकारी के अनुसार, आरोपी उमेश केवट मूल रूप से रीवा जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बघवार गांव का निवासी है। वह अपने परिवार के साथ चुरहट के ममदर तालाब के पास एक अस्थायी झोपड़ी बनाकर रह रहा था। बताया जाता है कि वह तालाब में सिंघाड़ा बोने का काम करता था और इसी के सहारे परिवार का जीवनयापन कर रहा था।

मासूम की मौत से क्षेत्र में शोक और आक्रोश

एक ही परिवार में हुई इस दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया है। जिस मासूम उम्र में बच्ची को परिवार के स्नेह और सुरक्षा की जरूरत थी, उसी उम्र में उसकी जिंदगी खत्म हो गई। घटना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। फिलहाल घायल मां का उपचार जारी है और पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

— Dinkar Kumar Mahara

भोपाल के नाथु बरखेड़ा में अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर का भव्य लोकार्पण और महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2026 का आरंभ



भोपाल के नाथु बरखेड़ा (नीलबड़) में स्थित नवनिर्मित अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर का आज शाम 5 बजे भव्य लोकार्पण हुआ। इस अवसर पर Women's Asian Champions Trophy 2026 की शुरुआत भी हुई, जिसमें भारत, चीन, जापान और दक्षिण कोरिया की महिला हॉकी टीमें भाग ले रही हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज शहर में सिंगरौली इन्वेस्टर मीट का उद्घाटन किया और साथ ही एयर-हॉकी एक्सप्रेस ड्रोन का शुभारंभ किया, जिससे निवेशकों को नई तकनीकी सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

शहर प्रशासन ने अतिक्रमण और नियम उल्लंघन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भोपाल में 340 अवैध दुकानों को सील कर दिया। यह कदम शहरी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से उठाया गया।

भोपाल में अमित तिवारी नामक व्यक्ति पर फर्जी एडिशनल डायरेक्टर बनकर सरकारी बंगला, पाँच कमांडो की सुरक्षा, मुफ्त हवाई यात्रा और वेतन जैसी सुविधाएँ प्राप्त करने का आरोप लगा है। पुलिस ने जाली नियुक्ति पत्रों के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

भोपाल AIIMS के डॉक्टरों ने एक जटिल कैंसर सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया, जबकि आईसीएआर-राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान (ICAR-NIHSAD) ने देश की पहली स्वदेशी बर्ड फ्लू वैक्सीन तैयार की, जिसे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल राष्ट्र को समर्पित करेंगे।

— Munendra Prasad Patel, भोपाल

20 साल पुराना तालाब, सिर्फ 1 साल आया पानी!



सेंधवा - ग्राम पंचायत झिरी जामली में आज तालाब और नहर की समस्या को लेकर पूरे ग्रामवासियों ने बैठक की।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में 20-25 साल पहले तालाब बना था और लगभग 15 साल पहले नहर बनी थी। ट्राइबल एरिया में उस नहर से सिर्फ 1 साल ही सिंचाई हो पाई, उसके बाद 10-15 साल से पानी नहीं आया।

बारिश के कारण नहर टूट गई, जिससे 15-20 किसानों का नुकसान हुआ। मुआवजे के लिए पटवारी को भी बुलाया गया और अवगत करवाया गया, लेकिन आज तक किसानों को ना मुआवजा मिला, ना भुगतान हुआ।

ग्रामीणों की मांग है कि सभी प्रभावित किसानों को जल्द मुआवजा मिले, फूटी हुई नहर का काम जल्द से जल्द शुरू हो और जिम्मेदार कर्मचारी व ठेकेदार तक उनकी समस्या पहुंचाई जाए।

स्थान : ग्राम झिरी जामली, सेंधवा, जिला बड़वानी

रिपोर्ट : NEED24NEWS सेंधवा

— DINESHNEED24

एंबुलेंस न मिलने पर किसान को बाइक पर बिठाकर डबरा सिविल अस्पताल पहुँचाया पल्लेदार



डबरा मंडी में एक किसान गंभीर रूप से घायल हो गया, परंतु एंबुलेंस उपलब्ध नहीं होने के कारण उसे तुरंत सहायता नहीं मिली।

इस स्थिति में, पल्लेदार ने तत्काल कदम उठाते हुए घायल किसान को अपनी बाइक पर बिठाकर डबरा सिविल अस्पताल तक पहुँचाया।


सफलतापूर्वक अस्पताल पहुँचाया गया।

सेवाओं की कमी को उजागर करती है।

— Ankit Parihar

स्थानीय

इंदौर में 19 नवंबर 2026 को सोने के दाम में उतार-चढ़ाव: 24 कैरेट ₹1,33,300-₹1,36,900, 22 कैरेट ₹1,22,190-₹1,25,400 प्रति 10 ग्राम



इंदौर के सोने के बाजार में 19 नवंबर 2026 को शुद्धता और स्रोत के अनुसार दाम अलग-अलग दर्ज किए गए।

₹1,33,300 से ₹1,36,900 प्रति 10 ग्राम के बीच था, जबकि 22 कैरेट सोने का दाम ₹1,22,190 से ₹1,25,400 प्रति 10 ग्राम के आसपास रहा।

इस दिन के दामों में यह अंतर सोने की शुद्धता के आधार पर बाजार की मांग और आपूर्ति के उतार-चढ़ाव को दर्शाता है।

— सुमित सिंह परमार, इंदौर

इंदौर में 19 नवंबर 2026 को 24 और 22 कैरेट सोने की कीमतें 10 ग्राम पर 1,33,300-1,36,900 रुपये तथा 1,22,190-1,25,400 रुपये के बीच



इंदौर में 19 नवंबर 2026 को सोने की कीमतों में शुद्धता और स्रोत के आधार पर अंतर दर्ज किया गया।

24 कैरेट सोना 10 ग्राम के लिये लगभग 1,33,300 से 1,36,900 रुपये के बीच लेन-देन हो रहा है।

1,25,400 रुपये के बीच मूल्य पर उपलब्ध है।

ये कीमतें सुबह के अद्यतन के अनुसार हैं और बाजार में उपलब्ध विभिन्न स्रोतों के अनुसार बदल सकती हैं।

निवेशकों को इन परिवर्तनों पर नज़र रखनी चाहिए।

— सुमित सिंह परमार, इंदौर